बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

विपणन तथा प्रचार विभाग
Marketing Publicity Department
प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, 1501, शिवाजीनगर, पुणे-5
Head office: Lokmangal,1501, Shivajinagar, Pune-5
टेलीफोन/TELE : 020-25614285-324
cmmktg@mahabank.co.in; media@mahabank.co.in;

श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक और सीईओ ने महाबैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (एमआरसेटी) के नए भवन का उद्घाटन किया

23 सितंबर, 2019 पुणे: श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक और सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने दिनांक 21 सितंबर, 2019 को नासिक में महाबैंक आरसेटी के नए भवन का उद्घाटन किया। बैंक ने ग्रामीण युवाओं और महिलाओं को छोटे व्यवसाय उद्यमों के माध्यम से स्व-रोजगार के लिए कौशल हासिल करने में सक्षम बनाने हेतु प्रशिक्षण देने के लिए सात ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना की हैं। उद्घाटन समारोह में श्री एन. एस. देशपांडे, महाप्रबंधक, कृषि, एफआई और एसएलबीसी, श्री बी. एस. टाव्हरे, अंचल प्रबंधक नासिक, सुश्री एस. भुवनेश्वरी, सीईओ, ज़िला परिषद, नासिक तथा श्री नीलेश सागर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, नासिक उपस्थित थे।

उद्घाटन समारोह में श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक और सीईओ ने कहा कि हमारा एमआरसेटी सामाजिक और वित्तीय दोनों क्षेत्रों में ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं और महिलाओं के उत्थान के लिए कार्य कर रहा है। उन्होंने एमआरसेटी के कार्य निष्पादन पर संतोष व्यक्त किया। श्री राजीव ने अमरावती जिले के सूखाग्रस्त क्षेत्रों के युवाओं के लिए एमआरसेटी, अमरावती में प्रशिक्षण प्रदान करने और उन प्रशिक्षित उम्मीदवारों को अमरावती जिले में बैंक ऑफ महाराष्ट्र की शाखाओं के माध्यम से ऋण देने के लिए महाशेतकरी आत्मनिर्भय योजना (एमएवाय) का शुभारंभ किया।

उद्घाटन समारोह में जिला परिषद, नासिक की सीईओ सुश्री एस. भुवनेश्वरी मुख्य अतिथि के रूप में थी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में बड़े पैमाने पर ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए महाबैंक आरसेटी जनकल्याण स्वैच्छिक सेवा प्रदान कर रहा है। सुश्री भुवनेश्वरी ने कहा कि ज़िला परिषद प्रशासन बैंक को हरसंभव सहायता प्रदान करेगा।

श्री नीलेश सागर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर, नासिक ने आशा व्यक्त की कि महाबैंक आरसेटी नए बुनियादी ढांचे के साथ ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए और अधिक कार्यक्रम शुरू करेगा। श्री सागर ने नासिक केन्द्र की प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में आरसेटी महाराष्ट्र राज्य के राज्य निदेशक श्री सुनील कस्तूरे भी उपस्थित थे। उन्होंने समस्य राज्यों के एमआरसेटी केन्द्रों के कार्य की समीक्षा पर समाधान व्यक्त किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक, श्री एन. एस. देशपांडे, नासिक अंचल के अंचल प्रबंधक श्री बी. एस. टाव्हरे विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिले के स्व-सहायता समूहों के सदस्य, महिलाएं तथा युवक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

फोटो में : नासिक स्थित महाबैंक आर सेटी के नए भवन का उदघाटन करते हुए बैंक ऑफ महाराष्ट्र के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री ए. एस. राजीव, जिला परिषद सीईओ सुश्री एस. भुवनेश्वरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर श्री नीलेश सागर, महाप्रबंधक श्री एन. एस. देशपांडे, श्री सुनील कस्तुरे तथा अंचल प्रबंधक श्री बी. एस. टाव्हरे